# तत्कालीन होटवार जेल अधीक्षक बेसरा निशांत पर चलेगी विभागीय कार्यवाही, आदेश जारी

**सरकार ने जारी किया विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने बेसरा निशांत राबर्ट पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सहमति से आदेश जारी किया गया है। उनके ऊपर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची में काराधीक्षक के पद पर रहते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के 21 दिसंबर 2023 को जारी अधिसूचना के आदेश के अनुपालन नहीं करने का आरोप है। जांच में इसे प्रथम द्रष्टया सही पाया गया है। इसके बाद बेसरा निशांत के विरुद्ध आरोप पत्र में गठित आरोपों की जांच के लिए झारखंड सरकारी सेवक वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियमावली 2016 के नियम के आलोक में विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त आइएएस पदाधिकारी विनोद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त् किया गया है। बेसरा निशांत राबर्ट अभी प्राचार्य कारा प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में कार्यरत हैं। उन्हें 15 दिनों के अंदर अपना लिखित बचाव बयान समर्पित करने को कहा गया है। वहीं, अवर सचिव कारा प्रशिक्षाणलय अरविंद कुमार को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि राज्य सरकार ने तत्कालीन जेल अधीक्षक होटवार बेसरा निशांत राबर्ट को दिसंबर में अपने कार्यो के साथ धनबाद मंडल जेल का भी अतिरिक्त प्रभार दिया था। लेकिन उन्होंने जेल का प्रभार लेने में असमर्थता जतायी थी। कहा था कि धनबाद जेल काफी संवदेनशील है। उन्हें विभागीय कार्यों के केस के लिए कई बार कोर्ट भी जाना पड़ता है। रांची जेल में भी काफी कार्य हैं। हालांकि, सरकार ने इसके बाद उन्हें रांची जेल से हटा कर हजारीबाग कारा प्रशिक्षणालय में भेज दिया था।

**बाबूलाल ने समर्थन में किया था ट्वीट :** बताते चलें कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उस वक्त निशांत बेसरा राबर्ट के पक्ष में एक ट्वीट भी किया था, जिसमें उन्होंने जेल अधीक्षक की तारिफ करते हुए तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन को कहा था कि होटवार जेल में ईडी के केस में बंद आपके कमाउ चेलों को युवा संताल आदिवासी नये जेल अधीक्षक राबर्ट बेसरा की सख्ती पच नहीं रही है। पहले की तरह यह सुपरिडेंट प्रेम की लीला के मायाजाला में फंस नहीं रहा है और इतना टाइट कर दिया है कि सरकारी मेहमानों को जेल में ही दिन के तारे दिखाई दे रहे हैं।

**मोरहाबादी में एसडीओ के नेतृत्व में संत जेवियर्स और मारवाड़ी कॉलेज के छात्र शामिल**

# प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को चुनाव में वोट डालने के लिए किया प्रेरित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्वीप के तहत मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। मोरहाबादी में रांची अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। यह आयोजन मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान के लिए प्रेरित करना था। इसमें सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज रांची के चुनावी साक्षरता क्लब के छात्र/ छात्राएं शामिल थे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची सुमित कुमार अग्रवाल, कार्यपालक दंडाधिकारी, जफर हसनाथ, सेंट जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रभात फेरी निकालने के दौरान छात्र/ छात्राओं ने नारा लगाते हुए कहा की 'कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट.. मेरा वोट', '25 मई को देना है, देना है वोट'। मतदाताओं से छात्राओं ने कहा देश गढ़ने में अपनी सहभागिता निभाते हुए वोट जरूर करें।

## लोकतंत्र को मजबूत करेगा आपका वोट : उत्कर्ष

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मतदान आपको लोकतंत्र को मजबूत करने की शक्ति प्रदान करती है, इसलिए मतदान जरूर करें। आपने वोट की ताकत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नई सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है, जिससे मतदाता जागरूक एवं जिम्मेवार बने और मतदान के दिन अपने घरों से निकल कर मतदान बूथों में जा कर मतदान करें। देश को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाएं।

## शहरी मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास जारी

उत्कर्ष कुमार लगातार शहरी मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण कर रहे हैं। वह तमाम प्रयास किए जा रहें है, जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़े। मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कैंडल मार्च, प्रभात फेरी, लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण, बीएलओ के साथ बैठक, मीडिया के जरिये मतदान की अपील, पदाधिकारी को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव से जुड़े दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।


# दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**एयरटेल कंपनी में जॉब देने के लिए गूगल और अखबार में डलवाता था विज्ञापन, पंजीकरण के नाम पर करते थे ठगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एयरटेल कंपनी में जॉब देने के लिए गूगल और अखबार में विज्ञापन डलवा कर लोगों से पंजीकरण के नाम पर ठगी करनेवाले दो साईबर अपराधियों को सीआइडी की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब पांच महीने से रांची के सदर थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रह कर साइबर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के पटना जिले के संपतचक निवासी सुमित कुमार और नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के अभय रंजन के नाम शामिल हैं। आरोपियों के पास से 6 मोबाइल, 11 सिम, 7 डेबिट कार्ड, 1 क्रेडिट कार्ड, 3600 नगद, 1 चेकबुक, 1 लैपटॉप और घटना से संबंधित वाट्सएप चैट पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार प्रतिबिंब पोर्टल के रियल टाइम मॉनिटरिंग से पता चला कि कुछ साईबर अपराधी एयरटेल कम्पनी के नाम पर पार्ट-टाईम जॉब देने के नाम पर फर्जी नम्बर से गूगल एवं न्यूज पेपर में प्रचार डाल कर ठगी करने का काम कर रहे हैं। लोग दिये गये विज्ञापन देख कर मोबाईल नम्बर पर संपर्क करते थे। तो आरोपी कम्पनी में जॉब के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, 10वीं-12वीं का मार्कशीट, पासपोर्ट साईज फोटो मांग लेते थे। इसके बाद आइडी वेरिफिकेशन एवं पंजीकरण के नाम पर विभिन्न फर्जी बैंक खाताओं में पैसे हस्तांतरित करवा लेते थे। आरोपी बंगाल में आनंद बाजार पत्रिका में विज्ञापन छपवाया था। गिरफ्तार साईबर अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से 5 शिकायतें पायी गई हैं। आरोपी एसबीआई, कैनरा बैंक कैपिटल स्मॉल फाईनेंस बैक, फिनो बैंक खाताओं का प्रयोग करते थे। इन खाताओं को लेकर एक दर्जन से अधिक शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल पर इंटर स्टेट क्राइम लिंकेज की जांच में पुलिस को मिली है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, प. बंगाल, आंध्र प्रदेश, केरल, महाराष्ट में भी शिकायतें दर्ज हैं।

# लालपुर चौक से डिस्टिलरी पुल तक सड़क में अतिक्रमण ना हो : हाईकोर्ट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास की मांग को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मंगलवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने रांची नगर निगम को लालपुर चौक से कोकर डिस्टिलरी ब्रिज तक सड़क खाली रखने और अतिक्रमण नहीं होने देने का निर्देश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को जानकारी दी कि लालपुर स्थित वेंडर मार्केट में मीट दुकानदारों को शिफ्ट करने के बाद बची हुई जगह पर सब्जी विक्रेताओं को रखा जायेगा और सब्जी विक्रेताओं को सड़कों से दूर रहने को कहा गया है। दो महीने में डिस्टिलरी पुल के पास सब्जी विक्रेताओं के लिए तैयार वेंडर मार्केट में उन्हें शिफ्ट किया जाएगा। जिसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 मई की तारीख मुकर्रर की है। हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम को लालपुर में सब्जी बाजार और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए की गयी कार्रवाई के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# हटिया स्टेशन के बाहर हथियार बेचने आये दो अपराधी गिरफ्तार




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस ने हटिया रेलवे स्टेशन के बाहर से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से बैग में हथियार एवं गोली बरामद किया गया है। बताया गया कि मंगलवार (23 अप्रैल) की सुबह करीब 7 बजे सुबह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बैग में हथियार एवं गोली लेकर ब्रिकी हेतु घूमने की सूचना मिली थी। एसएसपी के आदेश पर टीम गठित की गई।

हटिया रेलवे स्टेशन के पास से दो व्यक्ति के पास से एक 12 बोर की एक बन्दूक जिस पर टेक ए वॉक टू द माउनटेंन एक्सपेडिशन लिखा और पांच जिन्दा गोली, फर्जी हथियार का लाईसेंस भी बरामद किया है। लाईसेंस लखनऊ तथा गया का बना हुआ है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों की पहचान गुजराल कुमार सिंह एवं गुड्डू के रूप में हुई है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मोरहाबादी में हुई सड़क दुर्घटना पर हाइकोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी के समीप सोमवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा (झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी) के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने डालसा (जिला विधिक सेवा प्राधिकार) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिये हैं। इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा देर रात रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। दरअसल सोमवार की रात एक अनियंत्रित कार ने एक व्यक्ति को कुचल दिया था। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। वहीं कार की चपेट में आने से अन्य छह लोग भी घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक्सयूवी 700 कार को जब्त की और आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

**एनएचएआइ ने यूजर-फी लिये जाने पर स्थिति स्पष्ट की**

# राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल प्लाजा पर एक जून 2024 तक नहीं देना होगा यूजर फी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एनएच पर चलने वाले वाहनों से यूजर फी लिये जाने पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। एनएचएआई ने 1 जून 2024 तक पुरानी दर पर ही टोल टैक्स की वसूली करने का निर्देश सभी राज्यों के एनएचएआई के रिजनल पदाधिकारियों को पत्र लिखकर दिया है। लिखे पत्र में कहा है कि आम लोकसभा चुनाव हो रहा है। चुनाव की अंतिम तिथि एक जून 2024 है। ऐसे में इस तिथि तक बिना रिवाइज किए हुए पुरानी ही दर पर यूजर फी लिया जाना है। इस संबंध में एनएचएआई के चीफ जेनरल मैनेजर पी.एन. गावासने ने सक्षम प्राधिकार की अनुमति लेकर सभी राज्यों को पत्र लिखा है। इसकी जानकारी चेयरमेन और केंद्रीय राजमार्ग मंत्रालय को भी दी गयी है। एनएचएआई के इस पत्र से यह स्पष्ट हो रहा है कि एक जून 2024 के बाद दो जून से नयी बढ़ी हुई दर पर यूजर फी की वसूली शुरू हो जायेगी। इससे पूर्व सभी एनएचएआई कार्यालय मंत्रालय के दिशा-निर्देश अनुसार नयी दर तय करते हुए टोल की वसूली की जायेगी।

बताते चलें कि राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने एक अप्रैल 2024 से बढ़ी हुई दर पर टोल लेने का आदेश जारी किया था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में लिए जा रहे टोल को रिवाइज करना था। झारखंड सहित सभी राज्यों ने इसकी तैयारी भी कर ली थी, टोल दर भी तय हो गया था। इसी बीच 31 मार्च की देर रात मंत्रालय की ओर से इस पर स्थगन का आदेश आया और एक अप्रैल से नयी दर पर टोल नहीं लेने को कहा गया। आचार संहिता का हवाला दिया गया। ऐसे में एक अप्रैल से टोल की बढ़ोतरी नहीं हुई, वाहन चालकों को राहत हुई। हालांकि, मंत्रालय ने इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं की थी कि बिना रिविजन के कब तक यूजर फी की वसूली होगी। इस संबंध में कई राज्यों से एनएचएआई को पत्र भी लिखा गया था। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है।

**5 से 20 रुपये तक होनी है बढ़ोतरी :** एनएचएचाई ने यूजर फी में पांच से बीस रुपये तक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया है। इसी के अनुरूप देशभर के टोल प्लाजा के जरिये बढ़े दर पर टोल की वसूली की जानी है। कार, जीप, टैक्सी, बस, ट्रक, ट्रेलर सहित अलग-अलग वाहनों से भिन्न दरों पर यूजर फी लिया जाता है, जिसमें 1 जून के बाद वृद्धि किये जाने की संभावना है।

# यूपीएससी परीक्षा में सफल अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया को किया सम्मानित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से महाराजा अग्रसेन भवन में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले अमन अग्रवाल एवं रांची की हर्षिता चामरिया को सम्मानित किया गया। समारोह में मारवाड़ी समाज के रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, मारवाड़ी युवा मंच, अग्रवाल युवा सभा, कवि सम्मेलन आयोजन समिति, मारवाड़ी युवा महिला मंच समर्पण शाखा के पदाधिकारियों ने अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया को सम्मानित किया। मौके पर ललित कुमार पोद्दार और संजय सर्राफ थे।

**मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने भी किया सम्मानित :** अग्रवाल समाज के अमन अग्रवाल एवं हर्षिता चामरिया को समर्पण शाखा ने भी सम्मानित किया गया। इस समारोह में शाखा की अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल मौजूद थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## रांची से राजस्थान जाने वाला 6 करोड़ का डोडा पुलिस ने किया जब्त, ट्रक मालिक गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लगभग 6 करोड़ का डोडा पुलिस के हाथ लगा है। इसे राजस्थान ले जाने के लिए एक ट्रक में लोड किया जा रहा था। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर डोडा और ट्रक जब्त कर लिया है और साथ में ट्रक का मालिक सह चालक भी पकड़ा गया। एसएसपी, रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि छापेमारी में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान हरपाल सिंह के रूप में हुई है, जो हरियाणा का रहने वाला है। वह ट्रक मालिक भी था और ट्रक का चालक भी।

## नाबालिग दोस्त की हत्या मामले में दोषी करार

**रांची।** चिल्ड्रेन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल ने मंगलवार को नाबालिग दोस्त की हत्या के जुर्म में 20 वर्षीय युवक आशीष टोप्पो को दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। घटना के समय आरोपी की उम्र 18 साल से कम थी। इसके कारण मामले की सुनवाई स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट में हुई। हत्या की घटना को लेकर लालपुर थाने में जनवरी 2021 को कांड संख्या 5-2021 के तहत आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोप है कि एक जनवरी 2021 को नये साल के जश्न मनाने के दौरान मामूली विवाद पर सोनू टोप्पो की हत्या पत्थर से कुचकर कर दी गई थी।

## सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में 26 अप्रैल को फ्री हृदय रोग जांच शिविर

**रांची।** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर में 26 अप्रैल को हृदय रोग संबंधी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन होगा। यह शिविर सुबह 9 बजे से शुरू होगा। शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की जांच और चिकित्सीय सलाह देंगे। इस नि:शुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिर्पोट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाएं।

**नशीले पदार्थों के उत्पादन व कारोबार पर डीजीपी और सीआईडी डीजी ने की संयुक्त समीक्षा बैठक**

# मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन व उसके व्यवसाय पर नियत्रंण का रोड मैप तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नशीले पदार्थ के उत्पादन और कारोबार को लेकर मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक डीजीपी अजय कुमार सिंह और सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के साथ संयुक्त रूप से किया। बैठक के दौरान डीजीपी द्वारा सभी जिलों से पिछले पांच सालों के एनडीपीएस एक्ट में दर्ज मामले, अफीम, गांजा आदि की अवैध खेती के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, जब्त सामग्रियों के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, सभी संबंधित जिलों में सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के सप्लाई चेन को ध्वस्त करने, अतिरिक्त निगरानी रखने, जिलों में ड्रग डिटेक्शन किट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**खेतिहर और और जमीन मालिक के विरूद्ध भी दर्ज करें प्राथमिकी**

इसके अलावा डीजीपी ने अवैध रूप से वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती होती है। उसको चिन्हित कर खेती करने वाले और जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और उसके व्यवसाय पर नियत्रंण के लिए बनाये गये रोड मैप की जानकारी दी. साथ ही आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार को रोकने के लिए मादक पदार्थ से संबंधित सूचनाओं का आदान प्रदान करने और सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्रवाई करने पर जोर दिया।

**अवैध संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश :** सीआइडी डीजी ने एनडीपीएसएक्ट मामलों में लंबित कांडों की समीक्षा और कांडों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया। विशेष शाखा से प्राप्त इनपुट के आधार पर की गई कार्रवाई की स्थिति, जमानतदारों का सत्यापन, ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स द्वारा अर्जित की गयी अवैध संपत्तियों को जब्त करने को भी कहा।

# प्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर अंकुश कसेरा ने पृथ्वी दिवस पर सेंट जेवियर्स के विद्यार्थियों को किया प्रेरित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में भूगोल विभाग और आईक्यूएसी द्वारा आयोजित पृथ्वी दिवस के दूसरे दिन समापन के मौके पर मंगलवार को नेशनल ज्योग्राफिक, एचबीओ, डिस्कवरी नेटवर्क और अतुल्य भारत के साथ काम करने का व्यापक अनुभव रखने वाले प्रसिद्ध वन्यजीव और प्रकृति फोटोग्राफर अंकुश कसेरा ने छात्रों के साथ अपना ज्ञान और अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि का पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ स्वागत व दीप प्रज्जवलन कर हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने अतिथि अंकुश कसेरा को प्रकृति के प्रति सम्मान और प्रेम का प्रतीक स्मृति चिन्ह और पौधे भेंट किया। प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने अपने स्वागत संबोधन में छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सपनों का महत्व, द्दढ़ संकल्प और उद्देश्य प्राप्ति के लिए भीड़ में ना चले बल्कि भीड़ से अलग खड़े होकर अपने व्यक्तित्व को निखारने कि कोशिश करे।

चुनावी दंगल में उतरेगा संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का प्रत्याशी

# संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी झारखंड को देगी नयी दशा और दिशा : शिव पुराण

## कार्यकारिणी समिति का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो/रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश कमेटी की घोषणा मंगलवार को पार्टी के हरमू स्थित प्रदेश कार्यालय में की गई। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक मनोज कुमार भी मौजूद थे। मनोज कुमार ने बताया की संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी द्वारा रांची संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने हेतु एक दमदार युवा चेहरा को प्रत्याशी के तौर पर उतारा जाएगा जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी। बैठक के दौरान ही प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की घोषणा भी की गई, जिसमें शिव उरांव (प्रदेश अध्यक्ष), अजय कंडुलना (प्रदेश उपाध्यक्ष), मैना उरांव (प्रदेश उपाध्यक्ष), रोहित राज (प्रदेश उपाध्यक्ष), रेखा सिंह (प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा), सुमन सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा), भवानी सिंह (प्रदेश अध्यक्ष, युवा मोर्चा), लालचंद रजक (प्रदेश महासचिव), सबरीना श्वेता टोप्पो (प्रदेश महासचिव), डॉ. अभिषेक कुमार (प्रदेश महासचिव, युवा मोर्चा), प्रवीण कच्छप (प्रदेश महासचिव), लवली कुमारी (प्रदेश सचिव), मनीष चौधरी (प्रदेश सचिव), राजू कुमार (प्रदेश सचिव, युवा मोर्चा), लक्ष्मी मेहता (प्रदेश सचिव, महिला मोर्चा), कविता होरो (प्रदेश सचिव, महिला मोर्चा), प्रदीप कुजूर (प्रदेश कोषाध्यक्ष), अर्पणा बारला (प्रदेश प्रवक्ता), अनिमेष सील उर्फ प्रेम कुमार (सदस्य), उमा शंकर झा (सदस्य), सुदर्शन महतो (सदस्य), अशोक कुमार गुप्ता (सदस्य), संजय कुमार (सदस्य), आदिल हुसैन (सदस्य), हाबिल कुजूर (सदस्य), ममता ग्रेस (सदस्य), नरेन्द्र साई (सदस्य), राजकुमार सिंह (सदस्य), जॉर्ज कुजूर (सदस्य), पुष्कर महतो (आमंत्रित सदस्य), डॉ एस. बी सिंह (संरक्षक) के रूप में चुने गए। साथ ही इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुने गए शिव पुराण ने कहा की संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ही झारखंड को एक सही दिशा दे सकती है अब तक जितने भी पार्टियों ने राज्य में राज किया सभी ने झारखंड को लूटने का ही कार्य किया है झारखंड अमीर है और झारखंडी गरीब है संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ही राज्य को एक नई दिशा और दशा दे सकती है।

## विभिन्न गांवों में आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुखों की बैठक



**अनगड़ा।** रांची के हरदाग और डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में मंगलवार को आजसू पार्टी ने बैठक किया। बैठक में 16 चूल्हा प्रमुख बनाए गए। हरदाग पंचायत का बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रभारी श्रीमती दीपा देवी ने की। वहीं डूंगरी पंचायत में पंचायत प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य राजू नायक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुयी। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा पंचायत के हर गाँव में चुनाव से पूर्व चुल्हा प्रमुख का चुनाव कर लेना है क्योंकि चूल्हा प्रमुख पार्टी की रीढ़ है। कहा कि आजसू पार्टी राज्य अलग लेने का मदा रखतीं है तो राज्य को चलाने एवं आम अवाम को बेहतर सुशासन देने का भी ताकत रखती संचालन जिला के सचिव श्री कुदरत शेख ने किया। केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों से आग्रह की वे 28 अप्रैल को वाईबीएन यूनिवर्सिटी राजाउलातु नामकोम राँची में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में अवश्य भाग लें। संचालन जिला सचिव कुदरत शेख ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप जयसवाल ने किया। मौके पर जिला सचिव मुकेश नायक ग्राम प्रधान राजू नायक संजय नायक मुनचुन सिंह, हरदाग पंचायत प्रभारी मधु सिंह बिझिया ग्राम प्रभारी रजाउल हक संजय नायक सुमित महतो संजय मुंडा पिंटू नायक सिकंदर नायक कोका नायक अंशु एक्का दिलीप मुंडा किशोर नायक विजय सिंह, शुखामर सिंह, सुखबिर सिंह बिजिंया शावना मुंडा मुनियां नाग सुनीता बाड़ा डुभन देवी अनु कुमारी ईलिसिबा सहित सैकड़ो चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

### एक नजर में

## बिहार के फरार अपराधी को सुरेश्वरधाम से पकड़ कर ले गयी बिहार एसटीएफ की टीम

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के केतरीबगान स्थित सुरेस्वर धाम मंदिर से बिहार एसटीएफ ने अमित पांडेय उर्फ ब्रजेश रंजन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अनुसार अमित बिहार के सीतामढ़ी के रुनी सैदपुर थाना में हत्या और आर्मस एक्ट मामले में आरोपी था। मंदिर में पूजा करके बाहर निकलने पर वहाँ पहले से सादी वर्दी में इंतजार कर रही बिहार एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान हुए धरपकड़ के कारण स्थानीय लोगों ने समझा कि युवक का अपहरण हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस भी हरकत में आई और पुलिस टीम मंदिर पहुंच स्थानीय लोगों से मामले की जानकारी लेने में लग गई उधर जब एसटीएफ नामकुम थाना पहुंची और फरार आरोपी को पकड़ने की जानकारी दी तो मामला साफ हो गया।

## शत प्रतिशत मतदान ही हमारा लक्ष्य: बीडीओ



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तुको गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय व ईंटा चिल्द्री गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि बैठक के आयोजन का उद्देश्य यह है कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। समीक्षा के माध्यम से हम इस बात से भली भांति अवगत हो सकते हैं कि हमारी तैयारी में अब तक क्या कमी रह गई है उसे समय रहते पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा आम चुनाव की समस्त प्रक्रिया प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आम निर्वाचन में सहयोग की भावना देश के प्रत्येक नागरिक का भी है। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्रखंड में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। बीएलओ सहित सभी कर्मियों और जिम्मेदार लोगों से उन्होंने मतदान शत प्रतिशत सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर उन्होंने इन सेक्टरों में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों की समीक्षा की तथा आवश्यकता के अनुसार कई निर्देश दिए। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, पुरुषोत्तम भाई पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि ग्रामीण, सहित अन्य मौजूद थे।

## मांडर में दो पक्षों में मारपीट, दो रिम्स रेफर

**मांडर।** थाना अन्तर्गत टीको टोली में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में दो लोग रिम्स रेफर, मंगलवार को दोनो पक्षों की ओर से मांडर थाने में प्राथमिकी दर्ज। मारपीट की इस घटना में दोनों ओर से कई लोग घायल भी हुए हैं। घटना सोमवार रात की है। एक पक्ष के वादी राम किशोर साहू के प्राथमिकी के अनुसार सोमवार की रात लगभग 11:00 बजे गांव के ही आठ लोगों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे को पीटना शुरू किया। दरवाजा तोड़ने में असमर्थ होने पर इन लोगों द्वारा गांव के ही एक व्यक्ति के ट्रैक्टर से उनके घर के दरवाजे को क्षतिग्रस्त किया गया। जब घर के लोग बाहर निकले तो इन लोगों ने तलवार सहित अन्य धारदार हथियारों से रामकिशोर साहू और उनके परिजनों पर हमला कर दिया। इस हमले में रामकिशोर सहित कुल पांच लोगों को गंभीर चोटें आई है। रेफरल अस्पताल मांडर में सभी लोगों का प्राथमिक उपचार कराया गया, जहां से सुनील साहू एवं रामकिशोर साहू की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु दोनों को रिम्स रेफर किया गया है। वही आवेदन में लगभग चालीस हजार रुपए की एक सोने की चेन छीनने की बात आई है। साथ ही इनके पूरे परिवार को धमकी दी गई कि यदि इसकी कंप्लेंट थाने में की तो तुम लोगों को जान से मार दिया जाएगा। इस पूर्व भी मारपीट करने लोगों द्वारा रामकिशोर साहू के परिजनों को जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। वहीं दूसरे पक्ष के वादी विनोद कुमार साहू ने अपने आवेदन में लिखा है रविवार की रात लगभग 8:30 बजे गांव में ही एक शादी समारोह में मैं अपने भाई के साथ खाना खा रहा था। इसी दौरान रामकिशोर साहू व उनके परिजनों ने हम लोगों पर हमला कर दिया। किसी तरह हम लोग वहां से भाग कर अपने घर पहुंचे, तो इन लोगों ने घर में भी घुसकर हम लोगों के पूरे परिवार को मारा पीटा। साथ ही लगभग 75000 की एक सोने की चैन भी छीन ली। इन लोगों द्वारा की गई मारपीट से मेरे भी परिजनों को काफी चोटें लगी है सभी का इलाज रेफरल अस्पताल मांडर में कराया गया।

## जीतराम बेदिया को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** गगारी ओरमांझी में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के अमर बलिदानी जीतराम बेदिया का 166वां बलिदान दिवस मनाया गया। शहीद स्थल घोड़ा गढ़ा के समीप बलिदान स्थल पर जीराम बेदिया की प्रतिमा पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बेदिया विकास परिषद के केन्द्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा सन 1857 ई0 के सिपाही विद्रोह के आंदोलन में अंग्रेजो के खिलाफ जंग में अपनी प्राणों को बलिदान कर दिया था। अंग्रेजो के खिलाफ जंग में बलिदानी जीतराम बेदिया अंतिम सांस तक अंग्रेजो से संघर्ष किया था। मेजर जनरल मेकडोनाल्ड व अंग्रेजी फौज के द्वारा आज के ही दिन 23 अप्रैल 1858 को उनके घोड़ा सहित मार गिराया। श्रद्धांजलि देने वालों में जीतनाथ बेदिया के साथ मुखिया धनराज बेदिया, ब्रजकिशोर बेदिया, बृजलाल बेदिया, जितेन्द्र बेदिया, सधन बेदिया, धर्मनाथ बेदिया, अकलु बेदिया, विशेश्वर महतो, निर्मल बेदिया, नरेश बेदिया, महावीर बेदिया सहित कई लोग शामिल थें।

## रामायण पाठ आयोजन पर निकाली गयी कलश यात्रा

**सोनाहातू।** प्रखंड के गोमियाडीह गांव में एक दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन मंगलवार सुबह को किया गया। रामायण पाठ के शुरूआत के अवसर पर कांची नदी बमलाडीह घाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। पंडित अनिल उपाध्याय ने विधिवत पूजन के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। महिलाओं ने कलश में कांची नदी का पवित्र जल लेकर रामायण यज्ञ स्थल तक लाये। इस अवसर पर सनातन दास, ग्राम प्रधान जीवाधन सिंह मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, अमर अहीर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रामायण कथा पाठ मंगलवार सुबह से बुधवार सुबह तक होगी।

## पुलिस ने किया शव बरामद, हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता





**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के सपही नदी से ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा एक 47 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के डहु निवासी अषेष्वर महतो पिता सुरजनाथ महतो के रूप में हुई है। बताया 22 अप्रैल को गांव में एक वृद्धा की मौत हो गई थी। सोमवार को अषेष्वर महतो वृद्धा के दाह संस्कार करने सपही नदी मुक्तिधाम गया था। दोपहर में गांव वाले सभी दाह संस्कार कर लौट गए। लेकिन वह नही लौटा। स्वजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई। लेकिन नही मिला। दूसरे दिन मंगलवार को 11 बजे दिन में दाह संस्कार स्थल से कुछ दूर पर पानी में उपला शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इधर जानकारी होने पर स्वजन के साथ काफी संख्या में स्थानी लोगों की भिड़ जमा हो गई। स्वजनों द्वारा ही शव की पहचान की गई। पुलिस द्वारा शव को नदी से निकलवाया गया। वहीं पंचनमा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। शव के माथे में धारदार हथियार से चोट का निषान देखकर स्वजनों द्वारा हत्या की आषंका जताई गई है। वहीं पत्नी सीता देवी द्वारा ओरमांझी थाना में अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने भी शुरूवाती जांच में हत्या की संभावना जताते हुए कहा है जल्द मामले का खुलासा कर हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बस-कार की टक्कर में पांच घायल, दो रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग हाठु मोड़ के समीप बस और ओमनी कर की जोरदार टक्कर में ओमनी कर में सवाल एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना मंगलवार की दोपहर की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे पीसीआर 5 के एएसआई भैयाराम लकड़ा, हवलदार गणेश गोप, सुलेचन्द उरांव व चालक सीताराम बड़ाइक ने दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलों को उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां घायलों की पहचान खलारी गांव निवासी 70 वर्षीय राम अवतार केसरी पिता स्वर्गीय गोविंद साव, 65 वर्षीय बतिया देवी पति राम अवतार केसरी, 45 वर्षीय सरिता देवी पति अजय केसरी, 35 वर्षीय मंजू देवी पति कैलाश केसरी और लगभग 40 वर्षीय कैलाश केसरी पिता माधव साव के रूप में हुई है। इधर घटना के बाद अपना इलाज करा रहे बतिया देवी ने बताया कि वे सभी परिवार ओमनी कर में सवार होकर बेड़ो की ओर से होते हुए गुमला जिला के भरनो शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे। इसी दौरान गुमला की ओर से बेड़ो की ओर जा रही जयबाला नमक बस ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में सड़क दुर्घटना में घायल सभी लोगों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल राम अवतार केसरी और सरिता देवी को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी पाकर मौके पर मौजूद स्वास्थ्य सहिया सह बेड़ो की पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने सभी घायलों का उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल को रांची रिम्स भेजने में मदद की।

## टाटी में शहीद जीतराम बेदिया का शहादत दिवस मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** शहीद जीतराम बेदिया कागलवार को टाटी में शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि टाटी के मुखिया रामानंद बेदिया ने कहा कि शहीद कि जाती या धर्म से परे होता है। शहीद जीतराम बेदिया कि जीवनी से युवाओं को प्रेरणा लेने कि जरुरत है। कार्यक्रममें टाटी और सिंगारी स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। इससे पूर्व अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में कंचन बेदिया, अनुप सिंह मुंडा, बीरबल बेदिया, महाबीर बेदिया, सुमन बेदिया आदि उपस्थित थे।

## चान्हो : शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**चान्हो।** प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य आयोजित पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ मंगलवार को कलशयात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में एकावन सौ महिलाएं कोयल नदी से जल लेकर यज्ञ स्थल पहुंची। कलश यात्रा में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, आजसू के केंद्रीय सचिव सह जिपस आशुतोष तिवारी भी मौजूद थे। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश बैठा, संरक्षक मिथलेश सिंह और महाआरती प्रभारी राजीव गुप्ता ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहले दिन पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अधिवास, आरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया एवं तमाम धार्मिक अनुष्ठान आचार्य नीरज त्रिपाठी ने कराया। आयोजकों के अनुसार यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम में कथा वाचन होगा। साथ ही यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया है। मौके पर किशोर सिंह, छोटे सिंह, दीपक सिह नागेंद्र ठाकुर, नागेशवर ठाकुर, कुलदीप बैठा, अजीत सिंह, बबीता देवी, गणेश गिरी, जीवन ज्योति मिंज आदि मौजूद थे।

## चान्हो में मनरेगा संचालित योजनाओं का निरीक्षण

**चान्हो।** प्रखंड के कई पंचायतों में मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण मंगलवार को झारखण्ड राज्य अनुसमर्थन दल के प्लानिंग हेड राजीव रंजन ने किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने ताला, टांगर व लुंडरी पंचायत में सिंचाई कूप व बिरसा हरित आम बागवानी का भौतिक सत्यापन किया और मनरेगाकर्मियों को सिंचाई कूप का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के साथ ही गर्मी को देखते हुये आम बागवानी में पौधों को मरने से बचाने के लिए लगातार सिंचाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

# हरदिल अजीज नेता थे बीरेंद्र भगत : निर्मला भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड आंदोलनकारी, आजसू के संस्थापक सदस्य, सरना प्रार्थना सभा के संस्थापक अध्यक्ष सह समाजसेवी सरना रत्न स्व वीरेंद्र भगत की तीसरी पुण्यतिथि पर सैकड़ों लोगों ने पैतृक गांव होचर स्थित उनकी समाधि व ईंद जतरा टिकरा में मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कई लोग उनकी याद में फफक कर रो पड़े। इससे माहौल गमगीन हो गया। समारोह में जिप अध्यक्ष और उनकी पत्नी निर्मला भगत ने उनके व्यक्तित्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्व भगत को मृदु भाषी, हंसमुख, मिलनसार स्वभाव के धनी, प्रखर वक्ता और हरदिल अजीज नेता बताया। स्व भगत के शुभचिंतक, सामाजिक व राजनीतिक दल के कार्यकर्त्ता, पंचायत प्रतिनिधि और परिवार के सदस्यों ने उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। संचालन राजीव रंजन उर्फ चिंटू मिश्र ने किया। मौके पर राजेंद्र भगत, अहिल्या कच्छप, सलगी उरांव, ज्योति भगत, लीला तिर्की, जितेंद्र कांशी, बंधु महतो, बसंत भगत, देवेंद्र पाहन, बसंत पाहन, अशोक ठाकुर, चंद्रदीप उरांव, अमीन मुंडा, संगीता उरांव, रीमा उरांव, सुनील पाहन व महादेव पाहन आदि मौजूद थे।

## आचार्यकुलम में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** आचार्यकुलम मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान जिसमें कक्षा प्रत्युष से लेकर प्रथम तक के विद्यार्थियों ने हर्ष एवं उल्लास के साथ विश्व पृथ्वी दिवस आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या सुजाता कौरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के जो पृथ्वी दिवस से संबंधित आकर्षक परिधान पहने गए। निर्णायक समिति में शिक्षिका अतिप्रिया सिंह एवं शिक्षिका निकिता नीलम द्वारा कार्यक्रम में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों का चयन किया गया। जिन्हे प्राचार्या श्रीमती कौरा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के द्वारा किया गया ।

# जोराकाठ जंगल से ट्रैक्टर चालक का शव बरामद हत्या कर जंगल के खाई में फेकने की आशंका

- हत्या के शक में पुलिस ने दो लोगो को पूछताछ करने के लिए थाना लाया

खबर मन्त्र संवाददाता




**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के जोराकाठ के जंगल से युवक शव पुलिस ने बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक युवक बीते तीन दिनों से लापता बताया जा रहा था। मृतक युवक की पहचान पंचम मुंडा लगभग (18 वर्ष) पिता केलो मुंडा मदरसा रोहुम ग्राम थाना चंदवा जिला लातेहार के रूप में किया गया। मृतक युवक मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र जोराकाठ में रह कर सुधीर मुंडा के ट्रैक्टर में चालक का कार्य करता था। वही मृतक के माता से पूछने पर बताया कि मेरा बेटा पंचम से शनिवार के दिन में बात हुआ था। बताया कि एक ट्रिप टुकड़ा ईट लेकर हम घर आ जायेंगे। आपलोग मेहमान चले जायेगा। उसके बाद से शाम रात में कोई फोन नही आया। उसके बाद जिसके घर मे रहकर ट्रैक्टर चलाया करता था। वह दूसरे दिन आकर पूछा कि पंचम घर आया है। उसके दूसरे दिन जब मृतक का खोजबीन करना शुरू किया गया तो पता चला कि ट्रैक्टर जोराकाठ घाटी में पलट गया था। उसके बाद से ही मृतक गायब हो गया। जब मृतक तीन दिन बीत जाने बाद मंगलवार के दिन 9 बजे ग्रामीणों को जंगल से दुर्गंध आने लगा। तब जाकर देखा कि जंगल के खाई के नीचे में किसी युवक का शव फेका हुआ है। उसके बाद मैक्लुस्कीगंज पुलिस को सूचना दिया गया। मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी व खलारी इंस्पेक्टर दल बल के साथ घटना स्थल पहुँचकर जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। शव को देखने से पता व कायश लगाया जा रहा कि युवक को हत्या कर के जंगल मे फेंक दिया गया था। युवक के मुँह पर बोरा या कपड़ा से बांधा हुआ मिला था। वही थाना प्रभारी ने घटना के संबंध में दो संदिग्ध लोगों को त्वरित उठाकर पूछताछ किया जा रहा था।

## राहे में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर मनाया गया विजय उत्सव



**राहे।** क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में मंगलवार को राहे में वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह के अवसर पर विजय उत्सव मनाया गया। राहे ऊपरटोली में स्थित वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान मौन रखकर लोगों ने श्रद्धांजलि भी दिया। समारोह की अध्यक्षता करते हुये कमलाकांत सिंह ने वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए उम्र और समय की जरूरत नहीं होती है। किसी भी उम्र में देश की सेवा करने का प्रेरणा हमें वीर कुंवर सिंह से लेने की जरूरत है। समारोह में समाज सेवी जगन्नाथ मुखर्जी ने कहा जाति धर्म से ऊपर स्वतंत्रता सेनानी वीर कुँवर सिंह समाज के लिये प्रेणास्त्रोत है। मौके पर मनोज चटर्जी, दिवाकर सिंह, सुशान्त सिंह, अजित सिंह, प्रमोद सिंह, मणिभूषण सिंह, भोला सिंह, अनूप सिंह, संजय सिंह, संजय शिखर,बबलू सिंह, सुदर्शन सिंह, सत्यनारायण सिंह,दीपक सिंह,महावीर प्रजापति, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# देश के प्रमुख नदी जल विवाद

अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम 1956 के अंतर्गत जब दो या दो से अधिक राज्य सरकारों के बीच जल विवाद पैदा होता है तो अधिनियम की धारा 3 के तहत कोई भी नदी घाटी राज्य केंद्र सरकार को इस संबंध में अनुरोध भेज सकता है। अधिनियम के अंतर्गत ऐसे अंतर्राज्यीय जल विवादों की स्थिति इस प्रकार है :

अन्तर्राज्यीय अन्तर्राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 के तहत जल विवाद नदी/नदियां, राज्य, पंचाट के गठन की तिथि, निर्णय की तिथि

कृष्णा महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, अप्रैल 1969 मई 1976

गोदावरी, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अप्रैल 1969, जुलाई 1980

नर्मदा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, अक्टूबर 1969, दिसंबर 1979

कावेरी केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, जून 1990, धारा 5(2) के अंतर्गत रिपोर्ट प्राप्त संबंधित राज्यों और केंद्र सरकार द्वारा धारा 5(3) के अंतर्गत याचिकाएं प्रस्तुत। रिपोर्ट प्रतिशितिक

कृष्णा महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, अप्रैल 2004, धारा 5(2) कें अंतर्गत रिपोर्ट लंबित

मदेई/मण्डोवी/महादयी, गोवा, कर्नाटक और महाराष्ट्र, निर्माणाधीन

वन्सधारा, आंध्र प्रदेश और ओडिशा, निर्माणाधीन

उक्त अधिनियम के अंतर्गत, विवाद को बातचीत के जरिए नहीं सुलझाया जा सकता इसके प्रति संतुष्ट होने की स्थिति में केंद्र सरकार उस विवाद को एक पचांट को सौंप सकती है। तदनुसार, कावेरी और कृष्णा से संबंधित जल विवाद क्रमशः 1990 और 2004 में फैसले के लिए पंचाटों को सौंप दिए गए थे।

कावरी जल विवाद पंचाट ने 25 जून 1991 को अंतरिम आदेश पारित किया और फिर अप्रैल 1992 और दिसंबर 1995 में स्पष्टीकरण आदेश जारी किए। बाद में 5.2.2007 को पंचाट ने अंतर्राज्यीय नदी विवाद अधिनियम 1956 की धारा 5(2) के अंतर्गत अपनी रिपोर्ट और फैसला दिया। इस रिपोर्ट और निर्णय सुनाए जाने के पश्चात केंद्र और राज्य सरकारों ने अधिनियम की धारा 5(3) के तहत पंचाट से स्पष्टीकरण और निर्देश के लिए अनुरोध किया है। मामला पंचाट के विचाराधीन है। मामले से संबद्ध राज्यों ने पंचाट के 5.2.2007 के निर्णय के विरूद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की है और अब यह मामला न्यायालयाधीन है।

कृष्णा जल विवाद पंचाट ने संबद्ध राज्यों महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश द्वारा अंतरिम राहत के लिए दायर आवेदन पर 9 जून 2006 को निर्णय सुनाया और अंतरिम राहत प्रदान करने से इंकार करते हुए पंचाट से विवाद का हल प्राप्त करने के लिए कुछ नियमों की ओर इंगित किया। इसके पश्चात आंध्रप्रदेश राज्य ने अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम 1956 की धारा 5(3) के अंतर्गत संवादात्मक आवेदन दायर किया जिसमें 9 जून 2006 के पंचाट के आदेश के अंतर्गत स्पष्टीकरण/मार्गनिर्देश मांगे गए हैं, यह आवेदन अभी लंबित है। पंचाट ने सितंबर और अक्टूबर 2006 को हुई सुनवाई में अपने सम्मुख विवाद के हल के लिए 29 मुद्दों की पहचान की है। पंचाट की सुनवाइयां अभी जारी हैं।

महादायी/मण्डोवी और वंसाधारा जल विवादों के संबंध में गोवा और ओडिशा राज्यों के निवेदन जुलाई 2002 और फरवरी 2006 में प्राप्त हुए हैं। महादायी जल विवाद के बारे में इस मंत्रालय में यह राय बनी है कि यह विवाद बातचीत से नहीं सुलझाया जा सकेगा और अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम 1956 के अनुसार आगे कार्रवाई की जा रही है। वन्सधारा जल विवाद के संबंध में पंचाट की स्थापना अनुपालन के चरण में है।

रावी और व्यास नदियों के जल पर पंजाब और हरियाण के दावों पर फैसला देने के लिए पंजाब समझौते (राजीव-लोंगोवाल सहमति-1985) के अनुच्छेद 9.1 और 9.2 के अनुसरण में 1986 में गठित रावी-व्यास जल पंचाट ने 30 जनवरी, 1987 को अपनी रिपोर्ट दाखिल की। संबद्ध राज्यों के संदर्भो और अपनी रिपोर्ट पर केंद्र सरकार द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरणों/मार्गनिर्देशों पर अभी पंचाट को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी है। पंचाट की कार्यवाही माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पंजाब समझौतों के समापन का अधिनियम 2004 पर राष्ट्रपति के संदर्भ पर आने वाले निर्णय पर निर्भर हो गई है।

## अंतरराज्यीय नदी जल विवाद (संशोधन) विधेयक, 2017

जल विवाद में न सिर्फ कई राज्य आमने सामने हैं बल्कि नदी विवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय विवाद भी आए दिन देखने को मिलता है। कुछ ऐसे ही मामले आज हम आपको बताते हैं कि कौन कौन से देश के साथ नदी को लेकर भारत के साथ विवाद है और कौन-कौन राज्य एक दूसरे के आमने सामने हैं। वैश्विक तापन के कारण मीठे जल की कमी तथा लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण जल की मांग में भी लगातार वृद्धि होती जा रही है। नदियां मीठे पानी की प्रमुख स्रोत हैं। चूंकि देश की अधिकतर नदियां एक से अधिक राज्यों से होकर प्रवाहित होती हैं, अत? प्राकृतिक ढाल के अनुसार निचले राज्यों को अधिक पानी प्राप्त होता रहा है। लेकिन ऊपरी राज्यों द्वारा इन नदियों पर बांध का निर्माण कर जल के प्रवाह को रोकने से विवाद की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। कई नदियों के जल बंटवारे को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति में संशोधन विधेयक, 2017 द्वारा अधिनियम 1956 की कुछ खामियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। उम्मीद है कि इससे विवादों के शीघ्र एवं न्यायपूर्ण निपटान में मदद मिलेगी। की जिनके बीच आए दिन 'पानी पर पंचयात' होते रहते हैं।

**क्या है?** : 14 मार्च, 2017 को केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरुद्धार मंत्री उमा भारती द्वारा अंतरराज्यीय नदी जल विवाद (संशोधन) विधेयक, 2017 लोक सभा में पेश किया गया। इस विधेयक द्वारा अंतरराज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 में संशोधन प्रस्तावित है।



**संशोधन क्यों?** : राज्यों द्वारा जल की मांग में लगातार वृद्धि के कारण बढ़ रही अंतरराज्यीय जल विवादों के समाधान हेतु कानूनी ढांचा प्रदान करने वाले अंतरराज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 में कुछ कमियां महसूस की गई हैं। इस अधिनियम के तहत प्रत्येक अंतरराज्यीय नदी जल विवाद के लिए एक अलग न्यायाधिकरण के गठन का प्रावधान है, जिसके द्वारा निर्णय देने के लिए कोई समय-सीमा न होने के कारण विवादों के समाधान में देरी हो रही है। कावेरी, रावी, व्यास से संबंधित न्यायाधिकरण क्रमश? पिछले 26 और 30 वर्षों से अस्तित्व में है। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष या सदस्यों के लिए ऊपरी आयु सीमा का न होना, किसी रिक्ति के कारण रुका कार्य तथा न्यायाधिकरण की रिपोर्ट प्रकाशित करने की कोई समय-सीमा न होना, अन्य कमियां हैं। अत? इस अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित है।

**विवाद निवारण समिति** : इस संशोधन विधेयक में केंद्र सरकार द्वारा विवाद निवारण समिति (ऊफ्र) के गठन का प्रावधान है, जिससे दोस्ताना तरीके से राज्यों के बीच जल विवादों को सुलझाया जा सके। केंद्र सरकार द्वारा इस समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए एक वर्ष का समय मिलेगा, जिसे अधिकतम 6 माह के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

## राज्यों में चर्चित जल विवाद



जल विवाद में न सिर्फ कई राज्य आमने सामने हैं बल्कि नदी विवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय विवाद भी आए दिन देखने को मिलता है। कुछ ऐसे ही मामले आज हम आपको बताते हैं कि कौन कौन से देश के साथ नदी को लेकर भारत के साथ विवाद है और कौन-कौन राज्य एक दूसरे के आमने सामने हैं। पहले हम बात करते हैं भारत के उन राज्यों की जिनके बीच आए दिन 'पानी पर पंचयात' होते रहते हैं।

### कृष्णा नदी जल विवाद

कृष्णा नदी का पानी आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक के बीच कृष्णा नदी जल विवाद का एक कारण है। यह नदी महाबलेश्वर से निकलकर महाराष्ट्र के सतारा व सांगली जिलों से होकर कर्नाटक व दक्षिणी आंध्र प्रदेश में बहती है। कृष्णा नदी कर्नाटक के 60 प्रतिशत क्षेत्रों को नम करते हुए लगभग तीस लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित करती है।
इस नदी के विवाद को निपटाने के लिए 1969 में बछावत न्यायाधिकरण का गठन हुआ, जिसने 1976 में अपना निर्णय दिया। निर्णय में कर्नाटक को 700 अरब क्यूसेक, आंध्र प्रदेश को 800 अरब क्यूसेक व महाराष्ट्र को 560 अरब क्यूसेक पानी के उपयोग की छूट दी गयी। इस मामले में कई निर्णयों के बाद भी कृष्णा नदी जल विवाद का अंत नहीं हुआ। इस जल विवाद को लेकर अगली सुनवाई वर्ष 2050 के बाद किया जाएगा।

### नर्मदा नदी जल विवाद

नर्मदा नदी मध्य प्रदेश में अमरकंटक से निकलती है। इसकी लम्बाई 1300 किलोमीटर है। गुजरात, मध्य प्रदेश व राजस्थान में नर्मदा के जल को लेकर विवाद है। इस मामले को सुलझाने को लेकर केंद्र सरकार ने नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया। न्यायाधिकरण ने 7 दिसंबर, 1979 को अपना निर्णय दिया। इस निर्णय में नर्मदा जल विवाद से जुड़े राज्य-गुजरात को 90 लाख एकड़ फीट, मध्य प्रदेश को 182.5 लाख एकड़ फीट, महाराष्ट्र को 2.5 लाख एकड़ फीट जल उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया।

### सोन नदी जल विवाद

सोन नदी जल विवाद तीन राज्य-बिहार, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के बीच है। 1973 में ही सोन व रिहन्द नदियों के जल विवाद के हल के लिए बाणसागर समझौता हुआ था। बिहार शुरू से ही इस समझौते के काम करने पर आरोप लगाता रहा है। समझौते के अनुसार रिहन्द नदी का पूरा पानी बिहार को आवंटित किया गया था पर एनटीपीसी और उत्तर प्रदेश सरकार रिहन्द जलाशय से बिहार के हिस्से का पानी इस्तेमाल करते रहे हैं। इस मामले को लेकर बिहार का यह भी कहना है कि इंद्रपुरी बैराज पर सोन नदी के समूचे जल का 100 वर्षों से ज्यादा के उसके उपभोग के अधिकार को दरकिनार करके यह समझौता किया गया।

### यमुना जल विवाद

यमुना जल विवाद भी काफी पुराना है। पांच राज्य हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश जुड़े हुए हैं। सबसे पहले यमुना जल समझौता 1954 में मात्र दो राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मध्य हुआ था, जिसके अंतर्गत यमुना जल में हरियाणा का हिस्सा 77 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश का हिस्सा 23 प्रतिशत निर्धारित किया गया था और राजस्थान, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के हिस्से का जिक्र तक नहीं आया था। इन राज्यों द्वारा भी अपने हिस्से की मांग के साथ ही विवाद गरमाने लगा।

### गोदावरी नदी जल विवाद

गोदावरी प्रायद्वीप भारत की सबसे बड़ी नदी है। यह महाराष्ट्र के नासिक जिले से निकलती है। इसकी लंबाई 1465 किलोमीटर है। गोदावरी के जल के लिए महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, ओडीशा व आंध्र प्रदेश के बीच काफी विवाद है। इसे सुलझाने के लिए सरकार ने अप्रैल 1969 में एक कमेटी का गठन किया गया था। इस मामले में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंपी थी लेकिन फिर भी गोदावरी नदी जल विवाद पूरी तरह से नहीं सुलझा है।

### सतलज-रावी-व्यास विवाद

संयुक्त पंजाब में नदी जल विवाद जैसी कोई बात नहीं थी। नवंबर 1966 में पंजाब के एक हिस्से को अलग कर नए राज्य हरियाणा की स्थापना की गई। सतलज, रावी और व्यास नदियों के जल बंटवारे से संबंधित विवाद पंजाब और हरियाणा के बीच रहा है। इसके बाद हरियाणा ने अपने हिस्से का पानी पंजाब से मांगा और यहीं से इन दोनों राज्यों के बीच नदी जल विवाद शुरू हुआ।



# कावेरी जल को लेकर उलझते कनार्टक और तमिलनाडू पर फैसला

तमिलनाडु और कर्नाटक के बाच बेहद लंबे समय से चले आ रहे कावेरी जल विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद अहम फैसला देते हुए तमिलनाडु को मिलने वाले पानी का हिस्सा घटाकर 192 से 177.25 टीएमसी कर दिया है, और यह हिस्सा कर्नाटक को दे दिया है. हिस्सेदारी बढाए जाने के बाद अब कर्नाटक को 270 टीएमसी के स्थान पर 284.75 टीएमसी पानी मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 1894 और 1924 के समझौतों को, तथा उन्हें वैध ठहराने वाले ट्रिब्यूनल के फैसले को भी सही करार दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जल योजना के लागू होने के बाद कोई भी राज्य किसी ऐसी नदी पर अपना एकछत्र अधिकार नहीं जता सकता, जो शुरू होने के बाद किसी दूसरे राज्य से गुजरती है। कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु को हर महीने में दिए जाने वाले पानी को लेकर ट्रिब्यूनल का आदेश अगले 15 साल तक मानना होगा।

### विवाद से जुड़ी 8 बड़ी बातें

कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनल का तमिलनाडु में खेती का क्षेत्र बताने वाला फैसला सही है, लेकिन ट्रिब्यूनल ने तमिलनाडु में भूमिगत जल की उपलब्धता पर विचार नहीं किया, इसलिए कर्नाटक के पानी की हिस्सेदारी 14.75 टीएमसी बढ़ाई जाए। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि केंद्र ट्रिब्यूनल के आदेश के मुताबिक कावेरी मैनेजमेंट बोर्ड का गठन करेगा। चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा, जस्टिस अमिताव रॉय और जस्टिस एएम खानविलकर की बेंच द्वारा दिया गया यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कर्नाटक में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल ने फरवरी, 2007 के कावेरी ट्रिब्यूनल के फैसले को चुनौती दी थी। कर्नाटक चाहता था कि तमिलनाडु को जल आवंटन कम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट आदेश जारी करे, जबकि तमिलनाडु का कहना था कि कर्नाटक को जल आवंटन कम किया जाए।

ट्रिब्यूनल ने तमिलनाडु में 192 टीएमसी फीट (हजार मिलियन क्यूबिक फीट) को कर्नाटक द्वारा मेट्टूर बांध में छोड़ने के आदेश दिए थे, जबकि कर्नाटक को 270 टीएमसी फीट और केरल को 30 टीएमसी आवंटित किया गया था व पुदुच्चेरी को 6 टीएमसी पानी आवंटित किया गया था। सभी राज्यों का दावा है कि उनके हिस्से में पानी का कम आवंटन दिया गया। कावेरी जल विवाद पर अंतिम सुनवाई 11 जुलाई को शुरू हुई थी और बहस दो महीने तक चली। 20 सितंबर, 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। कर्नाटक ने तर्क दिया था कि 1894 और 1924 में तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी के साथ जल साझाकरण समझौता किया गया था और इसलिए 1956 में नए राज्य की स्थापना के बाद इन करारों को बाध्य नहीं किया जा सकता।

कर्नाटक ने आगे तर्क दिया कि ट्रिब्यूनल ने तमिलनाडु को पानी के हिस्से को आवंटित करने में इन समझौतों की वैधता को मान्यता दी है, जो गलत है। राज्य चाहता है कि अदालत कर्नाटक को तमिलनाडु को केवल 132 टीएमसी फीट पानी छोड़ने की अनुमति दे. वहीं तमिलनाडु ने इन तर्कों का खंडन किया और कहा कि कर्नाटक ने कभी भी दो समझौतों को लागू नहीं किया। इस कारण हर बार राज्य को अपने अधिकार के पानी के दावे के लिए सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगानी पड़ती है। ट्रिब्यूनल ने गलती से कर्नाटक को 270 टीएमसी फीट पानी आवंटित किया था, जिसे कम कर 55 टीएमसी किया जाना चाहिए और तमिलनाडु को और अधिक जल दिया जाना चाहिए। वहीं केंद्र ने कावेरी प्रबंधन बोर्ड की स्थापना और ट्रिब्यूनल के फैसले को लागू करने के लिए एक योजना तैयार करने के लिए अपनी कार्रवाई को उचित ठहराया. केंद्र ने कोर्ट से कहा कि कई स्पष्टीकरण याचिकाएं ट्रिब्यूनल के सामने लंबित हैं और इसलिए वह उन पर अंतिम निर्णय का इंतजार कर रहा हैं। दरअसल कावेरी नदी लगभग साढ़े सात सौ किलोमीटर लंबी है, जो कई शहरों से होते हुए तमिलनाडु में बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कावेरी का 32,000 वर्ग किलोमीटर हिस्सा कर्नाटक में है, तो वहीं 44,000 वर्ग किलोमीटर तमिलनाडु में है। दोनों राज्यों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत होती है, इसी को लेकर दोनों राज्यों में विवाद है।

साल 2007 में विवाद सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो उस समय कर्नाटक का कहना था कि बारिश कम होने के कारण कावेरी नदी का जलस्तर घट गया है, जिसके कारण उसे पानी की ज्यादा जरूरत है और वह तमिलनाडु को पानी नहीं दे सकता। इसी कारण तमिलनाडु ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। साल 2012 में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की अध्यक्षता वाले कावेरी नदी प्राधिकरण ने कर्नाटक सरकार को निर्देश दिया कि वह रोज तमिलनाडु को 9,000 क्यूसेक पानी दे, लेकिन इस फैसले पर पूरी तरह अमल नहीं हो पाया। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक को फटकार लगाई। कर्नाटक सरकार ने इसके लिए माफी मांगी और पानी जारी करने की पेशकश की, लेकिन इसे लेकर वहां हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए। कर्नाटक दावा करता है कि ब्रिटिश काल में कावेरी नदी के जल बंटवारे को लेकर दोनों राज्यों के बीच जो समझौता हुआ, उसमें उसके साथ न्याय नहीं हुआ, क्योंकि समझौते में उसे उसका पानी का उचित हिस्सा नहीं दिया गया। कर्नाटक यह भी कहता आया है कि वह नदी के बहाव के रास्ते में पहले पड़ता है, इसलिए उसका जल पर पूरा अधिकार बनता है।

